# जयशंकर के मुरीद हुए राष्ट्रपति प्रबोवो

## जी-20 में इंडोनेशिया प्रेसीडेंट प्रबोवो सुबियांतो बोले आप बहुत फेमस हैं...

**रियो डी जेनेरियो,20 नवंबर ब्राजील का रियो डी जेनेरियो शहर दो दिनों तक पीएम मोदी सहित दुनिया के कई बड़े नेताओं की मौजूदगी से गुलजार रहा. यहां आयोजित जी20 समिट में शिरकत करने के लिए पीएम मोदी के साथ-साथ विदेश मंत्री जयशंकर भी मौजूद थे. इस दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विदेश मंत्री जयशंकर के मुरीद नजर आए.**

जी20 समिट से इतर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ पीएम मोदी ने द्विपक्षीय बैठक की. लेकिन इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए जैसे ही विदेश मंत्री जयशंकर ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपना परिचय दिया तो उन्होंने झट से कह दिया मैं आपको जानता हूं, आप बहुत फेमस हैं. इस पर जयशंकर ने सम्मान में सिर झुका लिया और पीएम मोदी भी मुस्कुरा दिए.



दरअसल जयशंकर अपनी हाजिरजवाबी के लिए जाने जाते हैं. वह कई मौकों पर भारत की विदेश नीति पर बेहद सदे ढंग से जवाब देते रहे हैं. विदेश नीति को लेकर उनके वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होते हैं. इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से बैठक के दौरान पीएम मोदी ने व्यापार, वाणिज्य, हेल्थ और सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की.

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति चुनाव के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी. बता दें कि प्रबोवो सुबियांतो ने विश्व के सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति के रूप में अक्टूबर महीने में शपथ ली थी.

### वैश्विक मुद्दों पर हुई बातचीत

वहीं, इससे पहले रियो डी जेनेरियो में ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच मुलाकात हुई थी. दोनों की ये मुलाकात जी20 समिट से इतर हुई थी. भारत और चीन के बीच बॉर्डर डील के बाद होने के बाद दोनों देशों के विदेश मंत्री के बीच ये पहली मुलाकात थी. विदेश मंत्री जयशंकर और वांग यी ने न सिर्फ वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की थी, बल्कि भारत-चीन सीमा पर सैनिकों की वापसी को लेकर भी चर्चा की थी.

## पाकिस्तान में 11 जवानों की मौत

**खैबर पख्तूनख्वा 20 नवंबर (वार्ता)** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बन्नू जिले के माली खेल इलाके में एक जांच चौकी को निशाना बनाकर किए गए हमले में 12 सैनिकों की मौत हो गयी और छह आतंकवादी मारे गये. डॉन अखबार ने सेना की मीडिया मामलों की शाखा के हवाले से बुधवार को यह जानकारी दी. यह घटना ऐसे समय में हुई है जब विशेष रूप से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा चौकियों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों की संख्या में तेजी देखी गयी है. अशांत बन्नू जिले में हाल ही में आतंकवादी हिंसा में वृद्धि देखी गई है, जिसमें पुलिसकर्मियों का अपहरण, छात्राओं के स्कूल पर हमला और गोलीबारी शामिल है जिसमें तीन सुरक्षाकर्मी मारे गये थे. पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मंगलवार को खवारिज ने बन्नू जिले के मालीखेल क्षेत्र में एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला करने का प्रयास किया.

# योगी ने श्रीराज गोपुरम का अनावरण किया

## अयोध्या में हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन के बाद सीएम योगी पहुंचे सुग्रीव किला

**अयोध्या ,20 नवंबर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अयोध्या पहुंचे और सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई. यहां से वह सुग्रीव किला पहुंचे जहां उनका दक्षिण भारतीय परंपरा से संगीत की धुनों के बीच स्वागत किया गया. सीएम योगी ने यहां सुग्रीव किले के प्रवेश द्वार श्रीराज गोपुरम का अनावरण किया.**

बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि पथ चौड़ीकरण के दौरान सुग्रीव किला का मुख्य द्वार तोड़ा गया था जिसका आज मुख्यमंत्री ने अनावरण किया. सीएम योगी का यह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम है. आज प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा है.

अयोध्या में प्रभु श्री रामलला का दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालु जब इस मार्ग से प्रवेश करेंगे तो सबसे पहले सुग्रीव किला का यह गोपुरम द्वार ही पड़ेगा. जहां पर प्रवेश करने के बाद श्रीराम जानकी का दर्शन मिलेंगे. द्वार के चारों तरफ देवी देवताओं की मूर्तियां बनी हुई हैं. बुधवार को मुख्यमंत्री भी शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं.



### श्रीराम जन्मभूमि के करीब है सुग्रीव किला

अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि परिसर के बेहद करीब स्थित अत्यंत पौराणिक स्थल सुग्रीव किला को अयोध्या की पुनः स्थापना के दौरान महाराजा विक्रमादित्य ने इस किले का भी जीर्णोद्धार कराया था . इस मंदिर में आज भी भगवान श्री राम माता सीता तथा लक्ष्मण भरत शत्रुहन के साथ राजा सुग्रीव की भी पूजा होती है . इस प्राचीन किले का निर्माण त्रेतायुग में महाराजा भरत ने भगवान श्री राम के लंका पर विजय करके अयोध्या वापस लौटने के समय भगवान श्री राम के स्वागत के लिए माणियो से बनवाया था . जिसके बाद अयोध्या के राजा भगवान श्री राम ने इस स्थान को महाराजा सुग्रीव को अयोध्या में रहने के लिए के लिए दे दिया था . तभी से यह प्रसिद्ध स्थान सुग्रीव किला के नाम से जाना जाता है आज भी इस स्थान की पौराणिकता पुरातत्व विभाग में दर्ज है .

# खरगे-राहुल-प्रियंका ने की मतदान की अपील



- सामाजिक न्याय और विकास की रक्षा करें : खरगे
- स्वाभिमान और संविधान की रक्षा का मौका : राहुल
- महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ वोट करें : प्रियंका

**नयी दिल्ली 20 नवंबर (वार्ता) कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने झारखंड और महाराष्ट्र के लोगों से आज बड़ी संख्या मतदान करने की अपील की है.**

खरगे ने कहा महाराष्ट्र और झारखंड के हमारे नागरिकों ने वोट डालना शुरू कर दिया है. शिवाजी-शाहू-फुले-आंबेडकर की विचारधारा वाले महाराष्ट्र के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वो अधिक से अधिक संख्या में मतदान ज़रूर करें.

महाराष्ट्र के गौरव, राज्य की समृद्धि को संरक्षित करें. अवसरवादी राजनीति, चुनिंदा पूँजीपतियों को फ़ायदा पहुँचाने की नीति और किसानों-नौजवानों के भविष्य ख़तरे में डालने वाली शक्तियों को महाराष्ट्र से दूर रखें. धन- बल और बाहुबल की राजनीति महाराष्ट्र में कभी नहीं हुई, आपको ईवीएम पर वोट देने से पहले सोचना होगा कि ऐसे गिरते राजनीतिक स्तर ने महाराष्ट्र के स्वाभिमान को कितनी ठेस पहुँचाई है.

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तबियत बिगड़ी



**देहरादून,20 नवंबर** जगद्गुरु रामभद्राचार्य स्वामी (74) की अचानक तबियत बिगड़ गई. जिसके चलते उन्हें देहरादून एयरलिफ्ट किया गया. देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया है. जहां उनका उपचार चल रहा है. जगद्गुरु रामभद्राचार्य की अचानक बिगड़ी तबियत मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी. जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद से एयरलिफ्ट कर देहरादून लाया गया.

# रायपुर एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय सेवा जल्द

**केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने दी सहमति**

**कार्गो हब विकसित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू : साय**

**रायपुर/नयी दिल्ली 20 नवंबर (वार्ता) केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने पर अपनी सहमति जताई है.**

इसके साथ ही रायपुर एयरपोर्ट पर कार्गो हब विकसित करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी एवं रायपुर एयरपोर्ट से पटना एवं रांची के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की सहमति मिली है. नायडू ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से नयी दिल्ली स्थित राजीव गांधी भवन में मुलाक़ात के दौरान इस आशय का आश्वासन दिया.



मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में अंतरराष्ट्रीय यात्री ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए रायपुर से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ानों की आवश्यकता पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर यात्री ट्रैफिक काफी अच्छा है, जिससे ये सेवाएं व्यावसायिक रूप से लाभकारी साबित होंगी. केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई है. साय ने राज्य में वर्तमान में कोई बड़ा कार्गो सुविधा केंद्र नहीं होने की जानकारी दी.

## यूक्रेन ने रूस के 1,690 सैनिकों को मार गिराने का किया दावा

**नई दिल्ली, 20 नवंबर.** यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने अब तक के सबसे बड़े आक्रमण में बड़ा सामरिक नुकसान पहुंचाने का आज दावा किया. रूस ने यूक्रेन के हमले की पुष्टि तो की पर नुकसान पर चुप्पी साध ली. यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ की रिपोर्ट में दावा किया गया कि यूक्रेन की सेना ने 19 से 20 नवंबर तक रूस के 1,690 सैनिकों को मार गिराया. इस बीच अमेरिकी ने कीव में अपने दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है. सरकारी न्यूज एजेंसी आरबीसी यूक्रेन ने सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ की रिपोर्ट को आज साझा किया.

## एक नजर में



### स्पेसएक्स स्टारशिप की छठीं उड़ान

**लॉस एंजिल्स.** स्पेसएक्स ने अपने विशाल स्टारशिप रॉकेट की छठी परीक्षण उड़ान लॉंच की है. स्टारशिप ने अमेरिका के राज्य टेक्सास में ब्राउन्सविले के पास कंपनी की स्टारबेस सुविधा से मंगलवार को 04-01 बजे केंद्रीय समय पर उड़ान भरी. स्टारशिप के रैप्टर इंजन हॉटस्टेजिंग सेपरेशन के दौरान प्रज्वलित हुए . लिफ्टऑफ के कई मिनट बाद सुपर हैवी बूस्टर ने अपनी लैंडिंग बर्न शुरू की और मैक्सिको की खाड़ी में धीरेधीरे नीचे गिरा. स्टारशिप रॉकेट ने पहली बार अंतरिक्ष में रहते हुए अपने रैप्टर इंजनों में से एक को सफलतापूर्वक प्रज्वलित किया. लॉन्च के लगभग एक घंटे और पांच मिनट बाद रॉकेट हिंद महासागर में उतरा.

### तिब्बती बच्चों पर चीनी दमन का आरोप

**नयी दिल्ली.** चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की सरकार तिब्बत में बगावत को हमेशा के लिए शांत करने के लिए शिक्षा को हथियार बना कर काम कर रही है और तिब्बत में जगहजगह तथाकथित आवासीय विद्यालयों में करीब आठ लाख तिब्बती बच्चों को मातापिता की इच्छा के खिलाफ बलपूर्वक भर्ती कराके उन्हें तिब्बती भाषा एवं संस्कृति से पृथक कर घृणा एवं हिंसा सिखायी जा रही है. तिब्बती भाषा एवं संस्कृति के विद्वान एवं तिब्बत एक्शन इंस्टीट्यूट के डॉ. ग्याल लो ने यहां सेंटर फॉर चाइना एनालिसिस एंड स्ट्रैटजी (सीसीएएस) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में तिब्बत में चीनी कम्युनिस्ट शासन की इस नयी दमनकारी बर्बर नीति का खुलासा किया. यह प्रणाली चीनी छात्रों की तुलना में तिब्बती और जातीय अल्पसंख्यक बच्चों को अधिक लक्षित करके बनायी गयी है.

### कार्यबल में यौन उत्पीड़न की शिकायतों में 38% वृद्धि

**नयी दिल्ली.** वर्ष 2024 में देश के समग्र कार्य बल में हिस्सेदारी बढ़ने के बावजूद महिलाएं लैंगिक भेदभाव की शिकार हो रही हैं और यौन उत्पीड़न की शिकायतों में तेजी वृद्धि दर्ज की गयी है. कार्य क्षेत्र में महिलाओं के प्रति लैंगिक समानता और अवसरों के एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में केवल 18 प्रतिशत औपचारिक रोजगार महिलाओं के पास है. हालांकि, स्वास्थ्य देखभाल में 41 प्रतिशत और उपभोक्ता सेवा 30 प्रतिशत जैसे कुछ क्षेत्रों में महिलाओं का मजबूत प्रतिनिधित्व है. निर्माण और बिजली जैसे उद्योग पर पूरी तरह पुरुषों ने कब्जा किया हुआ है. इन दोनों क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या केवल तीन से चार प्रतिशत है. अध्ययन में कहा गया है कि 98 प्रतिशत कंपनियों के निदेशक मंडल में कम से कम एक महिला निदेशक होने के बावजूद एक से अधिक महिला निदेशक वाली कंपनियों के मामले में यह संख्या घटकर 46 प्रतिशत रह गयी है. इसके अलावा, केवल 10 प्रतिशत कंपनियों ने प्रमुख प्रबंधन कर्मियों के पदों पर एक से अधिक महिलाओं को रखने की सूचना दी है, जो महिलाओं के लिए शीर्ष पदों में भारी अंतर संकेत है.

### जी20 ट्रोइका प्रस्ताव को समर्थन

**रियो डि जनेरियो.** शासन प्रणाली में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा के उपयोग को लेकर जी20 ट्रोइका (भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका) के संयुक्त प्रस्ताव का जी20 के कई सदस्य देशों, अतिथि देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है. इस प्रस्ताव में कहा गया है कि तीन प्रतिशत से कुछ अधिक की वैश्विक वृद्धि सदी की शुरुआत के बाद से सबसे कम है जब महामारी तक औसतन लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि हुई थी. साथ ही प्रौद्योगिकी तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और यदि इसे समान रूप से उपयोग में लाया जाए तो यह हमें विकास को बढ़ाने, असमानता को कम करने और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में अंतर को पाटने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने का ऐतिहासिक अवसर हासिल होगा.

## सीरिया का ईरान समर्थित मिलिशिया पर हमला

**दमिश्क 20 नवंबर (वार्ता)** पूर्वी सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में ईरान समर्थित मिलिशिया के पांच सदस्य मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. सीरिया की मानवाधिकार वेधशाला ने यह जानकारी दी है. ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने बताया कि अमेरिकी युद्धक विमानों ने डेयर एज़-ज़ोर प्रांत के अल-कुरियाह रेगिस्तान में सैन्य जमावड़ों को निशाना बनाया. उन्होंने कहा कि हमले तब हुए जब ईरान समर्थक मिलिशिया द्वारा दागा गया रॉकेट उत्तरपूर्वी सीरिया के अल-हसाका प्रांत के ग्रामीण

# बिटकॉइन से 235 करोड़ का गबन

## कांग्रेस और राकांपा पर भाजपा ने लगाया गंभीर आरोप

**नयी दिल्ली 20 नवंबर (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में क्रिप्टो मुद्रा बिटक्काइन के माध्यम से गबन करके 235 करोड़ रुपए चुनावों में खर्च करने का आज आरोप लगाया और इस घोटाले की जांच कराने की मांग की.**

भाजपा के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज जब ये प्रेसवार्ता हो रही है तो हमारी पहली अपील है कि झारखंड और महाराष्ट्र में लोग लोकतंत्र के पर्व में भाग लेने के लिए घर से बाहर निकलें और विकास के पक्ष में, देश के पक्ष में और अपने राज्य के पक्ष में वोट जरूर डालें.

उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से पता चल रहा है कि महाविकास अघाड़ी के कुछ अग्रिम पंक्ति के नेता जिनमें सुप्रिया सुले जी और कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले जी शामिल हैं. उनके द्वारा लगभग 235 करोड़ रुपये के घोटाले, गबन और उस गबन के पैसे का इस चुनाव में खर्च का पूरा ब्योरा सामने आ रहा है. उन्होंने कहा, ये एक गंभीर मामला है और स्वाभाविक रूप से न केवल महाराष्ट्र और झारखंड के लोगों को भी इस मामले को समझना चाहिए.

# 3,098 पंचों को दिलाई शपथ

## बोले सीएम मान-गांव के विकास के लिए प्रस्ताव बनाएं

**संगरूर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित**

**मुख्यमंत्री ने पंचायती राज प्रणाली को मजबूत करने दिया जोर**



**पंजाब,20 नवंबर पंचायतों को लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज संगरूर से करीब 7 किलोमीटर दूर लड्डा कोठी में आयोजित समारोह में संगरूर जिले की 422 पंचायतों के 3,098 पंचों को शपथ दिलाई.**

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पंचायत गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई है. उन्होंने पंचों से कहा कि वे अपने गांवों में जाकर सबसे पहले अपने-अपने गांवों के विकास के लिए प्रस्ताव पारित करें और उसी के अनुसार सरकारी फंड का इस्तेमाल करें. उन्होंने कहा कि हर पंचायत के पास अपने गांव का कायापलट करने की शक्ति है. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंचों और पंचों को किसी भी राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठकर काम करना चाहिए. उन्होंने कहा कि विकास अनुदान जारी करते समय वे किसी भी राजनीतिक संबद्धता को नहीं देखेंगे.

मान ने सरपंचों और पंचों से साल में दो बार ग्राम सभाएं बुलाकर विकास परियोजनाओं पर चर्चा करने और ग्रामीणों की सहमति से उन्हें क्रियान्वित करने का आह्वान भी किया. उन्होंने पंचायतों से सोलर लाइट लगाने, बेंच खरीदने, पुस्तकालय स्थापित करने आदि के लिए प्रस्ताव पारित करने को भी कहा.

### सीएम ने पंचायतों से पंजाब को हरा-भरा बनाने कहा

उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक संगरूर जिले के 26 गांवों में पुस्तकालय स्थापित किए हैं. सीएम ने पंचायतों से पंजाब को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए गांवों और अन्य जगहों पर जाने वाली सड़कों के किनारे पौधे लगाने को भी कहा. उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों के गठन पर भी जोर दिया.

# भारत का लक्ष्य अंतरिक्ष में 10% हिस्सेदारी

## अंतरिक्ष नीति 2023 और एफडीआई नियमों से होगा विकास : इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु, 20 नवंबर (वार्ता) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत अगले दो दशकों में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपनी हिस्सेदारी 2त्र से बढ़ाकर कम से कम 10 प्रतिशत करने की तैयारी में है.**



सोमनाथ ने कहा कि इस दौरान देश अंतरिक्ष उद्योग की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला का पूरी क्षमता के साथ दोहन करना चाहेगा. उन्होंने यहां बेंगलुरु टेक समिट 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी के लिए भारत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तीन प्रमुख क्षेत्रों- प्रारंभिक चरण , मध्यम चरण , और उपभोक्ता बाजार के चरण पर केंद्रित होगा.

इसरो के अध्यक्ष ने कहा, विशेष रूप से उपभोक्ता बाजार से जुड़ी गतिविधियों में बहुत संभावनाएं हैं. कौशल विकास में निवेश करके, हम अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के सभी पहलुओं में प्रगति को उत्प्रेरित कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष नीति 2023 और इस क्षेत्र में चल रहे सुधार इन लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण हैं. नयर नीति में नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और निजी संस्थाओं की भूमिकाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है.

## आज का इतिहास

- **1999** चीन द्वारा अपने प्रथम मानव रहित अंतरिक्ष यान शेनझू का प्रक्षेपण किया गया.
- **2001** संयुक्त राष्ट्र ने अफ़गानिस्तान में अंतरिम प्रशासन के गठन का प्रस्ताव रखा.
- **2002** भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान नवीन मलिक का जन्म.
- **2005** श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने पूर्व प्रधानमंत्री रत्नसिरी विक्रमनायके को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया.
- **2006** भारत और चीन ने नागरिक परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में साझा सहयोग बढ़ाने का फैसला किया.

**मेला** | **दिया मुखर्जी की फैब्रिक पेंटिंग ने किया आकर्षित**

# व्यापार मेले में दिखा कलाकारी का जलवा

**नयी दिल्ली, 20 नवंबर (वार्ता) राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में चल रहा 43वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला युवा-युवतियों को अपने उद्यमशीलता प्रदर्शित करने का मंच दे रहा है. इसी तरह के युवाओं में पश्चिम बंगाल की आर्टिस्ट दिया मुखर्जी भी हैं, जो शौकिया तौर पर चित्रकार हैं और अपनी कला को फैब्रिक पर पेंट करती हैं.**

भारत मंडपम के हॉल नंबर 10 के एक स्टाल पर अपनी पेंटिग की पृष्ठभूमि में तुलिकाओं और रंग के साथ एक टीशर्ट पर राधा कृष्ण का चित्र बनाते हुये दिया ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा, मैंने सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरी की उम्मीद रखने की बजाए अपने शौक को चुना है और अब अपने हुनर को दुनिया के सामने लाकर खासकर अपनी उम्र के युवाओं को अपनी कलात्मक शौक को अभिव्यक्ति देने के रास्ते को चुनने के लिये जागरूक कर रही हूं.



दिया ने बातचीत में कहा, मुझे शुरू से ही पेंटिंग करने का शौक था लेकिन फिर भी मैंने साइंस में पढ़ाई पूरी की और एक निजी कंपनी में नौकरी की. बाद में, नौकरी से मन ऊबने लगा तब मुझे लगा नौकरी करना मेरे बस में नहीं है, मेरा शौक और पेशा कला है और इस क्षेत्र में ही कुछ अलग करना है. इसलिये मैंने अपने सीनियर से पेंटिंग करने का प्रशिक्षण लिया.

दिया मुखर्जी टीशर्ट, कुर्ते और परिधानों के अलावा ज्वैलरी पर हैंड पेंटिंग करती हैं और यह उनका रोजगार बन चुका है. उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने शौक को हुनर में बदलकर, अपने साथ-साथ दूसरों की भी मदद कर सकता है और कोई भी कलाकार हर वर्ग के व्यक्ति को अपने शौक को हुनर में बदलने के लिये प्रेरित कर सकता है.

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले की दिया ने अपने शौक को व्यवसाय का रूप दे दिया है और वे हैंडपेंटिड (हाथ की चित्रकारी वाले) परिधानों का अपना खुद का कारोबार जमाने में लगी हैं. दिया ने कहा, उन्होंने कहा, मेरा कला क्षेत्र में आना सहज नहीं था, लेकिन अब मुझे विश्वास है कि निम्न, मध्यम परिवार के लोग अपने आर्ट के शौक को अपनी मेहनत से रोजगार के माध्यम के रूप में बदल सकते हैं. मैं यहां अपने व्यवसाय को प्रदर्शित करने के साथ-साथ अपने मन का संदेश भी देना चाहती हूं. उन्होंने बताया कि उन्हें उनकी कला और उद्यमशीलता के लिये 2016 में केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय से मान्यता मिली है और उसकी मदद से ऐसे व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में वह अपना स्टॉल लगाती है.